भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं० 1530**
दिनांक 08.03.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

**हर घर नल का जल का कार्यान्वयन**

1530. # **श्री राम नाथ ठाकुरः**

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'हर घर नल का जल' कार्यक्रम के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या सरकार ने इसके लिए राज्य सरकारों को वांछित निधि प्रदान की है;
(ग) चालू वित्त वर्ष के दौरान बिहार को कितनी निधि प्रदान की गई है; और
(घ) इस निधि से कितने गांवों को पेयजल प्रदान किया जाएगा और शेष गांवों को इसमें कब तक शामिल कर लिया जाएगा?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय
(श्री रतन लाल कटारिया)

(क): वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से पीने योग्य जल की आपूर्ति करने के लिए भारत सरकार, राज्यों की भागीदारी के साथ जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है। 15 अगस्त, 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा के समय 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 3.23 करोड़ परिवारों (17%) के पास नल जल कनेक्शन था। तब से अब तक 3.70 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। अत: आज की तिथि के अनुसार देश भर के 19.18 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 6.93 करोड़ (36.17%) को नल से जलापूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, गोवा और तेलंगाना के प्रत्येक ग्रामीण परिवार के पास नल जलापूर्ति की जाने की सूचना है।

(ख): जल जीवन मिशन के अंतर्गत, निधि आबंटन के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार ही राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां आबंटित की जाती हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सूचित व्यय और उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उन्हें अपेक्षित निधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र ने केंद्रीय निधियों की किसी भी प्रकार की कमी होने की सूचना नहीं दी है।

(ग): वर्ष 2020-21 में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिहार को 1,839.16 करोड़ रुपए आबंटित किए गए जिनमें से राज्य ने 353.60 करोड़ रुपए आहरित किए हैं।

(घ): बिहार के ग्रामीण गांवों सहित देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष 2024 तक सुनिश्चित स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है और तदनुसार, जेजेएम के कार्यानवयन के लिए कार्य-संबंधी दिशानिर्देशों के अनुसार निधियों का उपयोग किया जाना है। बिहार राज्य ने वर्ष 2021 के अंत तक राज्य के सभी गांव में नल जल कनेक्शन उपलब्ध कराने की योजना बनाई है।

*****